## संपादकीय

# आसिया : धर्मांधता का फंदा और रिहाई

जिस्म झुलसती गर्मी से बेदम एक ईसाई महिला आसिया बीबी द्वारा कुएं से पानी लेने के विवाद को ईशनिंदा के आरोप में बदलना और उसे फांसी की सजा से मुक्त करने के घटनाक्रम ने पाकिस्तान में कोहराम तो मचाया ही, पूरी दुनिया को भी उद्वेलित किया। लगभग एक दशक चले इस विवाद ने एक गवर्नर व एक मंत्री की जान ली और एक परिवार को तिल-तिल मरने के लिये सड़कों पर छोड़ दिया। पाकिस्तान की शीर्ष अदालत न्याय के साथ खड़ी हुई तो आसिया की जान बच पाई। पहले प्रधानमंत्री इमरान खान न्याय के पक्ष में खड़े नजर आये मगर फिर कट्टरपंथियों के दबाव में यू-टर्न ले गये। अब अंतर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप के बाद आसिया और उसके वकील के सुरक्षित देश से निकलने की खबरें हैं।

घटनाक्रम 14 जून, 2009 का है जब आसिया दूसरी महिला श्रमिकों के साथ फालसे के बगीचे में फल तोड़ने लगी। उस दिन भयानक गर्मी थी। हालात इतने विकट थे कि आसिया के शरीर ने काम करना बंद कर दिया। वहां से निकलकर वह पास के कुएं में गई और बाल्टी से पानी निकाला। एक अपने जैसी महिला को पानी देने पर उसे विधर्मी बताकर दूसरी महिला को पानी न पीने को कहा गया। विवाद बढ़ा तो बात ईशनिंदा के आरोप तक जा पहुंची। बाद में भीड़ ने हमला बोलकर आसिया को पकड़ा और ईशनिंदा के आरोप लगाते हुए पुलिस को सौंप दिया। पाक में अल्पसंख्यक समुदायों को निजी विवादों में ईशनिंदा कानून की चपेट में लेना आम बात है, जिसके लिये पाक कानून में मौत और उम्रकैद की सजा का प्रावधान है। इस धार्मिक अस्त्र की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पिछले लगभग तीन दशक में 62 लोगों को अदालत का फैसला आने से पहले ही कत्ल कर दिया गया। ?इसमें एक दंपति को जिंदा जलती भट्ठी में डालने का वाकया भी है।

निचली अदालत ने आसिया को मौत की सजा सुनाई, जिसके खिलाफ मानवाधिकार संगठनों ने शीर्ष अदालत में गुहार लगाई। यहां तक कि वर्ष 2016 में मौत की सजा के खिलाफ शीर्ष अदालत में दी गई याचिका भी खारिज कर दी गई। घटना के कुछ समय बाद आसिया बीबी से मिलने गये पंजाब के तत्कालीन राज्यपाल सलमान तासीर ने आसिया को निर्दोष पाया और ईशनिंदा कानून को लेकर सवाल खड़े किये। इसकी प्रतिक्रिया स्वरूप उनके अंगरक्षक मुमताज कादरी ने सलमान तासीर जैसे धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति की हत्या कर दी। इतना ही नहीं, जब दो माह बाद अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री शहबाज भट्टी ने ईशनिंदा कानून की निंदा की तो उन पर जानलेवा हमला किया गया, जिसमें उनकी मृत्यु हो गई। ?इसके बाद आसिया के पति आशिक मसीह द्वारा लाहौर हाईकोर्ट में दायर याचिका को खारिज कर दिया गया।

यह समय आसिया के परिवार पर वज्रपात की तरह टूटा। पति आशिक मसीह को गांव का अपना घर बेचना पड़ा और जान बचाने के लिये खानाबदोश जिंदगी जीने को मजबूर होना पड़ा। पांच बच्चों का पालन-पोषण और उनकी पढ़ाई करा पाना बेहद मुश्किल था। मजदूरी न मिलने पर कई-कई दिन उन्हें भूखा सोना पड़ता। उसमें ?एक बच्ची मानसिक रूप से बीमार भी थी। बच्चों के पास मां के न होने का एहसास उन्हें टीस देता रहा। उन्हें जान भी बचानी थी और पेट भी भरना था।

आसिया बीबी की रिहाई का फैसला सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस आसिफ खोसा ने लिखा और कहा कि 'ईशनिंदा की सज़ा मौत या उम्रकैद है, मगर इस जुर्म का गलत और झूठा आरोप अक्सर लगाया जाता है।'

कोर्ट के फैसले के बाद पाक के विभिन्न शहरों में विरोध प्रदर्शन होने लगे और पुलिस से टकराव हुआ। धार्मिक स्थलों से फैसले के खिलाफ सड़कों पर उतरने का आह्वान किया गया। न्यायालय को भी कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया गया। पहले तो ?इमरान सरकार न्यायालय के पक्ष में खड़ी नजर आई, मगर बाद में कदम पीछे खींचते हुए आंदोलन का नेतृत्व कर रही तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान से समझौता कर बैठी। दरअसल, पाक में ईशनिंदा एक बेहद संवेदनशील विषय रहा है, जिसका दुरुपयोग अल्पसंख्यकों को फंसाने के लिये किया जाता रहा है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा रिहा किये जाने के बाद आसिया के पति ने अपने परिवार की जान को खतरा बताते हुए कई देशों से शरण मांगी थी। कई देशों ने प्रस्ताव भी दिये। यहां तक कि आसिया का केस लड़ने वाले वकील सैफ उल मुलूक ने भी जान को खतरा देखते हुए देश छोड़ दिया। उन्होंने सरकार और इस मुद्दे पर आंदोलन चला रही तहरीक-ए-लब्बैक के बीच हुए समझौते को दर्दनाक बताया क्योंकि सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करवाने के बजाय कट्टरपंथियों के आगे झुक गयी।

# विराट के फैन को लताड़ने से खुश नहीं है BCCI




टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली के अपने फैन को देश छोड़ने की सलाह देकर विवादों में आने से बीसीसीआई खुश नहीं है. कोहली अपने दिल की बात खुलकर रखने वालों में से जाने जाते हैं, वे मैदान में भी विरोधियों को जवाब देने से नहीं चूकते. उनका ताजा बयान फैंस के अपने आदर्श चुनने के हक पर आक्रमण के तौर माना जा रहा है. इस मामले में जहां बीसीसीई में नाखुशी दिख रही है, वहीं प्रशासकों की समिति ने भी मामले पर गौर करने का मन बना लिया है. बोर्ड के कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी ने हमारी सहयोगी वेबसाइट डीएनए को बताया, बीसीसीआई क्रिकेट फैंस और उनकी पसंद का सम्मान करती है. मैं सुनील गावस्कर को बल्लेबाजी करते देखना पसंद करता था, लेकन उसके साथ ही गार्डन ग्रीनीज, डेसमंड हेंस और विवियन रिचर्ड्स को भी पसंद करता हूं. मैं सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, सौरव गांगुली, वीवीएस लक्ष्मण, राहुल द्रविड़ की बल्लेबाजी देखना भी पसंद करता हूं लेकिन मार्क वॉ, ब्रायन लारा और दूसरों को भी पसंद करता हूं सीमाओं से परे क्रिकेट की श्रेष्ठता के सम्मान की बात उन्होंने कहा, स्पिनर्स में मेरे लिए शेन वार्न को देखना अच्छा लगता है, लेकिन में अनिल कुंबले को देखने में भी कौतूहल महसूस करता हूं. कपिल देव के गेंद देखना भी शानदार अनुभव होता है और रिचर्ड हेडली, इयान बॉथम और इमरान खान को देखना भी. चौधरी ने कहा, मुझे लगता है कि यह बिना किसी भौगोलिक या राजनैतिक सीमाओं के बारे में सोचे बिना क्रिकेटीय श्रेष्ठता का सम्मान करने वाली बात है. एक अन्य बीसीसीआई अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, हमारे कप्तान को समझना होगा कि भारत में केवल फैंस की वजह से ही क्रिकेट फला फूला है. अगर वे क्रिकेट देखना छोड़ देंगे तो कोई कंपनी उसे 100 करोड़ के लिए साइन नहीं करेगी या बीसीसीआई को एक पैसा भी नहीं देगी।

# RBI के खजाने से केंद्र सरकार की नजर, ला सकती है नया नियम

नरेंद्र मोदी सरकार के बड़े अफसरों ने भले ही यह कह दिया हो कि केंद्र को रिजर्व बैंक का पैसा नहीं चाहिए, लेकिन रिजर्व बैंक के तगड़े सरप्लस से केन्द्र की निगाह हटी नहीं है. ताजा खबर यह है कि केंद्र सरकार रिजर्व बैंक से कहने जा रही है कि वो सरप्लस रिजर्व की सीमा तय करे. यानी कि रिजर्व बैंक एक नियम बनाकर नगदी की वो मात्रा तय करे जो वह अपने पास रख सकता है.माना जा रहा है कि एक बार ये सीमा तय हो जाने के बाद केंद्र बाकी बची रकम को अपने खाते में ट्रांसफर करने के लिए रिजर्व बैंक को कह सकती है. इंडिया टुडे को वरिष्ठ सूत्रों ने बताया है कि सरकार रिजर्व बैंक के बोर्ड में मौजूद अपने प्रतिनिधियों के जरिये केंद्रीय बैंक द्वारा रखे जाने वाले सरप्लस रिजर्व की सीमा तय करना चाहती है.

रिजर्व बैंक के खजाने पर केंद्र की नजर

बता दें कि इस वक्त रिजर्व बैंक का मौजूद सरप्लस रिजर्व 9.63 लाख करोड़ तक पहुंच गया है. पिछले सप्ताह जब ये रिपोर्ट आई थी कि केंद्र सरकार ने आरबीआई को उसकी आरक्षित निधि से 3.6 लाख करोड़ रुपये सरकार को ट्रांसफर करने को कहा है तो इस पर राजनीति से लेकर आर्थिक



जगत में खलबली मच गई. माना जा रहा है सरकार से निर्देश रिजर्व बैंक और मोदी सरकार के बीच तनाव की स्थिति पैदा हो गई.हालांकि मामला बिगड़ता देख वित्त मंत्रालय ने डैमेज कंट्रोल किया. शुक्रवार को आर्थिक मामलों के सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने इस खबर को खारिज करते हुए इसे गलत सूचनाओं पर आधारित कयासबाजी करार दिया. उन्होंने कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है और देश का राजकोषीय घाटा लक्ष्य के अनुरूप है.

19 नवंबर को बोर्ड की बैठक

बता दें कि आगामी 19 नवंबर को रिजर्व बैंक के बोर्ड की बैठक होने वाली है ।

# 21 नवंबर को लॉन्च होगी नई मारुति सुजुकी अर्टिगा

मारूति सुजुकी की नई अर्टिगा एमपीवी इन दिनों काफी चर्चाओं में है। कंपनी ने घोषणा की है कि भारत में इसे 21 नवंबर 2018 को लॉन्च किया जाएगा। कीमत के मामले में यह मौजूदा मॉडल से महंगी हो सकती है। मौजूदा अर्टिगा की कीमत 6.34 लाख रूपए से 10.69 लाख रूपए (एक्स-शोरूम, दिल्ली) के बीच है। नई अर्टिगा को मारूति सुजुकी एरीना डीलरशिप के जरिये बेचा जाएगा, जबकि मौजूदा अर्टिगा को नेक्सा आउटलेट पर बेचा जा रहा है।

दूसरी जनरेशन की अर्टिगा में नया 1.5 लीटर पेट्रोल इंजन, माइल्ड-हाइब्रिड टेक्नोलॉजी के साथ आएगा। यही इंजन नई सियाज़ में भी लगा है। सियाज़ में यह इंजन 105 पीएस की पावर और 138 एनएम का टॉर्क देता है। कयास लगाए जा रहे हैं कि नई अर्टिगा में भी यही पावर आउटपुट मिलेंगे।

डीज़ल वेरिएंट में मौजूदा मॉडल वाला 1.3 लीटर इंजन मिलेगा। इसकी पावर 90 पीएस और टॉर्क 200 एनएम है।

# Samsung Gala&y Jy Core ऐंड्रॉयड गो स्मार्टफोन ऑनलाइन लिस्ट, जानें फीचर्स




सैमसंग अपनी गैलेक्सी जे4 सीरीज़ को बढ़ाने की तैयारी कर रही है। ब्राज़ील में कंपनी की साइट पर ऐंड्रॉयड गो पर चलने वाले गैलेक्सी जे4 कोर स्मार्टफोन को देखा गया है। ऐसा लगता है कि यह लिस्टिंग गलती से हुई है, क्योंकि स्टोर पर फोन के आउट ऑफ स्टॅाक रहने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, लिस्टिंग अभी भी लाइव है और इससे फोन के डिज़ाइन व स्पेसिफिकेशन्स का खुलासा होता है। स्टोर पर लिस्ट किया सैमसंग गैलेक्सी जे4 कोर ऐंड्रॉयड 8.1 ओरियो (गो एडिशन) पर चलता है। यह ड्यूल सिम सपॉर्ट के साथ आता है।

# तेल के दाम में गिरावट जारी, जानिए दिल्ली और मुंबई में पेट्रोल का रेट

डीजल और पेट्रोल के दाम (Petrol, diesel prices) लगातार कम हो रहे हैं. एक बार फिर दिल्ली में पेट्रोल 17 पैसे और डीजल 16 पैसे सस्ता हुआ है. वहीं मुंबई में डीजल और पेट्रोल के दामों में 17-17 पैसे की कमी आई है. इस प्रकार दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 77.89 रुपये प्रति लीटर, डीजल का दाम 72.58 रुपये प्रति लीटर है. वहीं मुंबई में पेट्रोल- 83.40 रुपये जबकि डीजल 76.05 रुपये प्रति लीटर हो गया है. शुक्रवार को भी कम हुए थे रेट




शुक्रवार को डीजल-पेट्रोल के कम हुए दाम के बाद अब दिल्ली में पेट्रोल 78.6 रुपये प्रति लीटर और डीजल का दाम 72.74 रुपये प्रति लीटर हो गया है. दोनों में क्रमशः 15-15 पैसे की कमी आई है. वहीं मुंबई में पेट्रोल के मूल्य में जहां 15 पैसे की वहीं डीजल के दाम में 16 पैसे की कमी आई है. मुंबई में अब पेट्रोल का नया रेट 83.57 रुपये प्रति लीटर तो डीजल का 76.22 रुपये प्रति लीटर है.इन शहरों में भी घटे दाम।

# बजरंग पूनिया वर्ल्ड रैंकिंग में बने नंबर 1 पहलवान

भारत के स्टार पहलवान बजरंग पूनिया ने दुनिया का नंबर 1 पहलवान बनकर भारत को गर्व करने का एक और मौका दे दिया है. पहलवानों की ताजा विश्व रैंकिंग में बजरंग पूनिया ने 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कैटेगरी में नंबर वन रैंकिंग पर अपना कब्जा जमा लिया है. हाल ही में कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियर गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाले बजरंग पूनिया ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी सिल्वर मेडल अपने नाम किया है. पहलवानों की विश्व रैंकिंग यानि यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने अपनी ताजा रैंकिंग जारी की, जिसमें बजरंग पूनिया को शीर्ष स्थान मिला है. बता दें कि इससे पहले बजरंग इस रैंकिंग में तीसरे नंबर पर थे, लेकिन अब उनके 96 अंक हो गए हैं और उन्होंने पहला स्थान हासिल कर लिया है. रैंकिंग में दूसरे नंबर 66 अंकों के साथ क्यूबा के पहलवान हैं. वहीं, 62 अंकों के साथ रूस के पहलवान तीसरे नंबर पर हैं. इस रैंकिंग में भारत की 5 महिला पहलवानों को भी जगह मिली है. विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2018 में 57 किग्रा में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली पूजा ढांडा छठे नंबर पर हैं. वहीं, 50 किग्रा में रितु फोगाट को 10वां स्थान हासिल हुआ. 59 किग्रा में सरिता सातवें स्थान पर हैं. 68 किग्रा में नवजोत कौर और 76 किग्रा में किरन को नौवां स्थान मिला.बजरंग पूनिया के अलावा किसी पुरुष पहलवान को इस लिस्ट में जगह नहीं मिल पाई है।

# लोक आस्था का महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान 11 नवंबर से शुरू होगा

लोक आस्था का महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान 11 नवंबर से शुरू होगा. उस दिन व्रती नहाय-खाय का अनुष्ठान करेंगे. 12 नवंबर को खरना, 13 नवंबर को सायंकालीन अर्घ्य और 14 अक्टूबर को प्रातःकालीन अर्घ्य दिया जाएगा. शहर में पूजा सामग्रियों की दुकानें सज गई हैं. खासतौर से मिट्टी के चूल्हे, आम की लकड़ी, नारियल, सूप, दउरा आदि की बिक्री शुरू है. रविवार को नहाय-खाय के दिन छठव्रती



नियम-संयम के साथ स्नान कर शुद्ध आहार लेंगे. बता दें कि छठ के पहले दिन यानि नहाय-खाय के दिन को ही कद्दू भात कहा जाता है. इस दिन मुख्य रूप से व्रती कद्दू की सब्जी, अरवा चावल का भात, चने की दाल, आंवले की चटनी, लौकी का बजका आदि ग्रहण करेंगे. व्रतियों के बाद श्रद्धालु भी नहाय-खाय का प्रसाद खाने व्रतियों के घर जुटेंगे. उधर छठ गीतों के कई नए गीत बाजार में खूब पसंद किए जा रहे हैं. लेकिन, शारदा सिन्हा के गीतों की आज भी सबसे ज्यादा डिमांड है. इसके अलावा डॉ. नीतू कुमारी नूतन, देवी, मनोज तिवारी, पवन सिंह आदि के गीत भी खूब पसंद किए जा रहे हैं. छठ पर्व के दूसरे दिन खड़ना मनाया जाता है. बता दें कि इस दिन छठ व्रती खीर पुरी, या रसिया और रोटी बनाते हैं. इसे प्रसाद रूप में ग्रहण कर सबमें बांटा जाता है. इतना ही नहीं इस दिन ठेकुआ और अन्य तरह के प्रसाद बनाए जाने का नियम है।

## आज का राशिफल

**मेषः** गणेशजी कहते हैं कि आपका आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टि से आपको अनूठी अनुभूति करानेवाला हो सकता है। आपको गूढ़ और रहस्यमय विद्याओं तथा संबंधित बातों का विशेष आकर्षण रहेगा।

**वृषभः** गणेशजी के आशीर्वाद से आज आपको गृहस्थजीवन में सुख का अनुभव होगा। परिजन तथा स्नेहीजनों के साथ प्रसन्न वातावरण में भोजन का आनंद ले सकेंगे, साथ में छोटे प्रवास का आयोजन भी कर सकेंगे।

**मिथुनः** गणेशजी कहते हैं कि आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी है। घर में शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा। आपके अधूरे कार्य संपन्न होंगे इससे आपको यश और कीर्ति मिलेगी। आर्थिक लाभ भी मिलेगा।

**कर्कः** आज का दिन शांतिपूर्वक बीताने के लिए गणेशजी सलाह देते हैं। आज आप का शारीरिक तथा मानसिक आरोग्य कुछ कमजोर रह सकता है। पेट से जुड़ी समस्या हो सकती है।

**सिंहः** आज आप शारीरिक रूप से अस्वस्थ तथा मानसिक रूप से व्याकुल रह सकते हैं। ऐसा गणेशजी कहते हैं। घर में स्वजनों के साथ गलतफहमी से मन उदास रह सकता है। माता के साथ मनमुटाव की संभावना है।

**कन्याः** किसी भी कार्य में सोच-समझकर आगे बढ़ने का समय है। भाई-बहनों के साथ प्यारभरा संबंध बना रहेगा। मित्रों, स्वजनों के साथ मुलाकात होगी। प्रत्येक कार्य में सफलता मिलने की संभावना है।

**तुलाः** गणेशजी कहते हैं कि आज आपका मनोबल कमजोर रह सकता है। इसलिए किसी निर्णय पर आना कठिन हो सकता है। नए कार्य तथा महत्वपूर्ण निर्णय आज न लें।

**वृश्चिकः** आज का दिन आपके लिए शुभ है। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आनंदपूर्वक समय बिताएंगे।

**धनुः** आज का दिन आपके लिए कठिनता भरा हो सकता है। परिजनों के साथ बहस से बचें अन्यथा दुख हो सकता है। वाणी पर संयम रखना पड़ेगा।

**मकरः** मित्रों, संबंधियों से की गई भेंट से आपका दिन आनंदपूर्ण बीतेगा। सामाजिक क्षेत्र, व्यापार तथा अन्य क्षेत्रों में आपके लिए आज का दिन लाभदायी रहेगा। जीवनसाथी की खोज करनेवालों को सरलतापूर्वक सफलता मिलेगी। प्रवास-पर्यटन का योग है।

**कुंभः** आज आप का दिन बेहद अनुकूल है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। आपका हर कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा, जिस वजह से आप प्रसन्न रहेंगे। ऑफिस एवं व्यवसाय स्थल पर अनुकूल परिस्थिति का वातावरण रहेगा।

**मीनः** मन में व्याकुलता एवं अशांति के अहसास के साथ आपके दिन का प्रारंभ होगा। शारीरिक रूप से आपको थकान का अनुभव होगा। उच्च अधिकारियों के साथ संभलकर कार्य करने की गणेशजी सूचना देते हैं। संतान के विषय में चिंता सता सकती है। व्यर्थ का खर्च बढ़ सकता है। प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद टालें। पेट संबंधित व्याधियों का योग है। नकारात्मक विचार आपके मन पर हावी न हो पाएं, इसका विशेष ध्यान रखें

# सोनम कपूर की फेवरिट पाव भाजी



सामग्री - आलू- 3 (उबले), टमाटर- 6 (बारीक कटे), शिमला मिर्च- 1 (100 ग्राम), फूलगोभी- 1 कप (कटा), मटर- 1/2 कप, हरा धनिया- 3-4 टेबलस्पून (बारीक कटा), मक्खन- 1/2 कप (100 ग्राम), अदरक पेस्ट- 1 टीस्पून, हरी मिर्च- 2 (बारीक कटी), हल्दी पाउडर- 1/2 टीस्पून, धनिया पाउडर- 1 टीस्पून, पावभाजी मसाला- 2 टीस्पून, देगी लाल मिर्च- 1 टीस्पून, नमक - स्वादानुसार

विधि - पाव भाजी बनाने के लिए सबसे पहले गोभी और मटर को एक पैन में एक कप पानी डालकर नरम होने तक ढककर पका लें। अब एक पैन गर्म करें उसमें दो टेबलस्पून बटर डालकर मेल्ट करें। अब इसमें अदरक का पेस्ट और हरी मिर्च डालकर भून लें। इसके बाद टमाटर, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर और शिमला मिर्च डालकर इसे ढककर 2-3 मिनट तक पका लें। अब इन्हें मैश कर लें। अब इसमें गोभी और मटर डालकर अच्छे से मैश करते हुए पका लें। सब्जी अच्छे से मैश हो जाए तब आलू, नमक, लाल मिर्च और पावभाजी मसाला डालकर भाजी को मैश करते हुए दो-तीन मिनट तक पका लें। भाजी में हरा धनिया और एक टेबलस्पून बटर डालकर मिक्स करें और गैस बंद कर दें। अब तवा गरम करें और पाव को बीच से काटकर तवे पर थोड़ा सा बटर डालकर पाव को दोनों ओर से हल्का सेक लें। अब इसे गरमा-गर्म भाजी के साथ सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 83

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 82 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## सू-दोकू- 83

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.82 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |